# विधान सभा सचिवालय
# मध्य प्रदेश
# समाचार

## विधानसभा अध्यक्ष श्री गौतम ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी
## गणतंत्र दिवस में आन-बान शान से लहराया तिरंगा

रीवा/भोपाल 26 जनवरी 2023. रीवा जिले में गणतंत्र दिवस समारोह परम्परागत हर्ष, उल्लास से मनाया गया। मुख्य समारोह एस.ए. एफ. मैदान रीवा में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इसके बाद मुख्य अतिथि ने प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के संदेश का वाचन किया । मुख्य समारोह में विधानसभा अध्यक्ष ने विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें 21 आंगनवाड़ी भवन, 15 सुदूर ग्राम सड़क, 15 अमृत सरोवर, 26 गौशालाएं, 6 पीएमजीवाई सड़कें तथा 152 एकल नलजल योजनाएं एवं 4400 प्रधानमंत्री आवास शामिल हैं।

समारोह में आकषर्क परेड प्रस्तुत की गई। रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान के नेतृत्व में जिला पुलिस बल, महिला पुलिस, एनसीसी, जेल, एसएएफ, स्काउट गाइड, सैनिक स्कूल के दल तथा नगर सेना ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। इसके बाद मुख्य अतिथि ने रंग बिरंगे गुब्बारे आकाश की अनंत ऊचांईयों को छूने के लिए मुक्त किये। उन्होंने परेड कमांडरों व प्लाटून कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों को उनके पास जाकर शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। इसके बाद विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन करके मनोहारी दृश्य प्रस्तुत किया। समारोह में ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल, सेक्रेट हार्ट स्कूल, शासकीय एसके कन्या उमावि, सरस्वती उमावि तथा गुरूकुल विद्यालय के बच्चों ने मनोहारी नृत्य और गीत प्रस्तुत किए। इनके माध्यम से जिले और प्रदेश में विकास के कार्यों, उपलब्धियों, सांस्कृतिक विरासत, सेना के शौर्य और ऐतिहासिक धरोहरों को प्रदर्शित किया गया। समारोह में जनसंपर्क विभाग द्वारा अदभुत, अतुल्य मध्यप्रदेश बुकलेट तथा जिला प्रशासन द्वारा 20 वर्षों की विकास पुस्तिका का आमजनों को वितरण किया गया।

झांकी:- समारोह में इसके बाद विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गयीं। पुलिस विभाग ने यातायात सुरक्षा तथा नशामुक्ति, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने आजीविका मिशन तथा प्रधानमंत्री आवास योजना एवं नगर निगम रीवा द्वारा स्वच्छता तथा प्रधानमंत्री आवास को प्रदर्शित करते हुए झांकी निकाली गयी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने लाड़ली लक्ष्मी-2, स्वास्थ्य विभाग ने क्षय उन्मूलन, कृषि विभाग ने जैविक खेती, शिक्षा विभाग ने सीएम राइज स्कूल, पशुपालन विभाग ने गौशाला, उद्योग विभाग ने आइए रीवा अभियान, उद्यानिकी विभाग ने सुंदरजा आम की झांकियां प्रस्तुत की। समारोह में ट्राईबल विभाग, वन विभाग, हाउसिंग बोर्ड, जेल विभाग तथा पीएचई विभाग द्वारा भी झांकियां प्रस्तुत की गईं।

पुरस्कार वितरण:- गणतंत्र दिवस समारोह का समापन पुरस्कार वितरण से हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष श्री गौतम ने विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया। परेड में प्रथम स्थान जिला महिला पुलिस बल, दूसरा स्थान विशेष सशस्त्र बल नवीं वाहनी को तथा तीसरा स्थान केन्द्रीय जेल को प्राप्त हुआ। बिना शस्त्र के परेड में प्रथम स्थान कन्या महाविद्यालय की सीनियर एनसीसी दल को प्राप्त हुआ। इसमें दूसरा स्थान टीआरएस कालेज के एनसीसी दल तथा तीसरा स्थान सीनियर गर्ल्स एनसीसी दल टीआरएस कालेज को प्राप्त हुआ। समारोह में परेड में ही शौर्यादल को प्रथम, रेडक्रास कन्या दल को दूसरा तथा स्काउट गाइड दल को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। समारोह में प्रदर्शित झांकियों में प्रथम स्थान नगर निगम रीवा को प्राप्त हुआ। दूसरा स्थान जिला जेल की झांकी तथा तीसरा स्थान पुलिस विभाग की झांकी को प्राप्त हुआ।

गणतंत्र दिवस समारोह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पहला स्थान ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल को प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दूसरा स्थान गुरूकुल विद्यालय रीवा एवं तीसरा स्थान शासकीय एसके कन्या उमावि रीवा को प्राप्त हुआ। समारोह में रीवा के क्रिकेटर कुलदीप सेन के पिता तथा ईश्वर पाण्डेय के

परिजनों एवं खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। समारोह में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा विभागीय कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

समारोह में सांसद श्री जनार्दन मिश्र, जिला पंचायत सदस्य केडी शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अजय सिंह, रीवा संभाग के कमिश्नर श्री अनिल सुचारी, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के.पी. व्यंकटेश्वर राव, डीआईजी मिथिलेश शुक्ला, कलेक्टर मनोज पुष्प, पुलिस अधीक्षक नवनीत भसीन, अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकारगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## विशेष मध्यान्ह भोज में विधानसभा अध्यक्ष ने बच्चों के साथ खाया खीर-पूड़ी
## सीएम राइज स्कूलों में प्राइवेट स्कूलों से भी बेहतर शिक्षा मिलेगी - विधानसभा अध्यक्ष

रीवा 26 जनवरी 2023. गणतंत्र दिवस समारोह के साथ जिले के सभी स्कूलों में विशेष मध्यान्ह भोजन का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय विशेष मध्यान्ह भोज रघुराजगढ़ में सीएम राइज स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने बच्चों के साथ खीर-पूड़ी खाया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकारी स्कूल कई बार प्रतिस्पर्धा में प्राइवेट स्कूलों से पीछे हो रहे थे इस कमी को दूर करने के लिए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सीएम राइज स्कूलों की परिकल्पना की है। सीएम राइज स्कूलों में शिक्षा की उच्च स्तरीय सुविधाएं दी जायेंगी। इन स्कूलों में प्राइवेट स्कूलों से भी बेहतर शिक्षा मिलेगी। विद्यार्थियों को 25 किलो एल मीटर के दायरे से वाहन की सुविधा रहेगी। प्रशिक्षित शिक्षक बच्चों को ज्ञान देंगे।

--------------------

## विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री अवधेश प्रताप सिंह ने किया ध्वजारोहण

भोपाल दिनांक 26, जनवरी 2023

मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री अवधेश प्रताप सिंह ने गणतंत्र दिवस की 74 वीं वर्षगांठ के अवसर पर विधानसभा प्रांगण में आयोजित समारोह में प्रातः 8:00 बजे ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विधानसभा सुरक्षा बल एवं विशेष सशस्त्र बल की टुकड़ियों द्वारा मार्च- पास्ट भी किया गया

परेड के अवलोकन के बाद प्रमुख सचिव श्री प्रमुख सचिव श्री सिंह ने अपने संदेश में कहा कि आज गणतंत्र दिवस है और हमारा पूरा देश गणतंत्र मना रहा है और इस गणतंत्र दिवस को मनाने के लिए हमारे शहीदों ने शहादत दी, बलिदान की कुर्बानियां दीं,हम उनको भी नमन करते हैं। हमारे देश की जो संविधान सभा थी जिसमें हमारे राजनेता थे उन्होंने बहुत ही प्रबुद्ध ढंग से पूरे विश्व का सबसे बड़ा संविधान हमारे लिए बनाया और उसमें न केवल धाराएं रखीं बल्कि उसमें हमारे सनातन मूल्य और संस्कृति को समाहित सहित हमारे अधिकार और कर्तव्य दोनों को समाहित किया गया जिससे हम अपने कर्तव्यों का निर्वहन और अधिकारों को उपयोग कर सकते हैं तथा अपने प्रदेश एवं देश को सशक्त बना सकते हैं ।

श्री सिंह ने कहा कि यह हम सबके लिए महत्वपूर्ण दिवस है ,26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू हुआ था । हमारे संविधान की प्रस्तावना में उल्लेख है कि हम भारत के लोग अपने भारत को प्रभुत्व संपन्न और समाजवादी पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य घोषित करके हमारा देश का राज्य बना जिसमें जनता की महत्वपूर्ण भूमिका हुई।

इस अवसर पर विधानसभा के अधिकारी कर्मचारी एवं मीडिया कर्मी भी उपस्थित थे।

विस/जसं/23

नरेंद्र मिश्रा
अवर सचिव